# पॉवर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड
## (केन्द्रीय कार्यालय-मानव संसाधन विभाग)

संदर्भ संख्या: के.का/हिन्दी पखवाड़ा/2021 दिनांक: 05-10-2021

## हिंदी पखवाड़ा रिपोर्ट

गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार पॉवर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड कार्यालय ने दिनांक 01 सितंबर से 14 सितंबर 2021 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया । कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए पखवाड़ा के दौरान कार्यालय के सभी कार्मिकगण के लिए ऑनलाइन मोड में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, प्रतियोगिताएं हिंदी एवं हिंदीतर भाषी के लिए अलग अलग आयोजित की गयी थी ।

1.0 दिनांक 01 सितंबर 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया । जिसमें हमारे केन्द्रीय कार्यालय के अलावा राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र और सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र कार्यालय उपस्थित थे । सभी के साथ पखवाड़ा में होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गयी एवं सभी ने सहयोग हेतु समर्थन दिया। इसके अलावा पोसोको कार्यालय के निदेशक (मानव संसाधन) ने हिंदी पखवाड़ा में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित किया ।






2.0 दिनांक 02-09-2021 को कार्यालय के कार्मिकों हेतु **निबंध लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें हिंदीभाषी तथा हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए निबंध का विषय "स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र का परिचायक है" रखा गया । इस प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे ।


3.0 दिनांक 03-09-2021 को पैन पोसोको स्तर पर **स्लोगन लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें हिंदीभाषी कार्मिकों के लिए विषय- विद्युत/ऊर्जा और हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए विषय - वक़्त/समय रखा गया था । प्रतियोगिता के विषय सभी को मेल पर भेजे गएँ और प्रतिभागियों ने उसका उत्तर लिख कर वापस मेल पर भेजा । हिन्दी भाषा के प्रति सभी का प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता में विजयी कार्मिकों के स्वरचित स्लोगन को सभी क्षेत्रीय कार्यालय में डिस्प्ले भी करवाया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 81 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे।


4.0 दिनांक 07-09-2021 को कार्यालय के कार्मिकों हेतु **स्वरचित कविता लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें कार्मिकों को हास्य/समसामयिक/व्यंग्य पर आधारित एक स्वयं कविता लिखनी

थी । प्रतियोगिता के विषय तथा नियम सभी को मेल पर भेजे गए और प्रतिभागियों ने अपनी कविता को लिख कर वापस मेल पर दिया । इस प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे।

5.0 दिनांक 09-09-2021 को कार्यालय के कार्मिकों हेतु **गूगल वॉइस टाइपिंग** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इसके अंतर्गत आई टी विभाग द्वारा एक फोल्डर तैयार किया गया, जिसमें एक लिंक के माध्यम से 11 बजे से 2 बजे तक हिंदीभाषी तथा हिंदीतर भाषी कार्मिक इस प्रतियोगिता में जुड़े और अपनी आवाज़ में बोलकर निर्धारित पंक्तियों को पढ़ा । शब्द संख्या, वर्तनी शुद्धता, विराम चिन्ह, आदि के आधार पर इस टाइपिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे।

6.0 दिनांक 10-09-2021 को पैन पोसोको स्तर पर पर **ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नोत्तरी** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें स्लाइडो एप्लिकेशन के माध्यम से हिंदीभाषी और हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए दो लिंक बनाए गए और सभी कार्मिकों को लिंक मेल द्वारा दिया गया । प्रतियोगिता को संध्या 4 बजे से प्रारम्भ किया गया । प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों के लिए 50-50 प्रश्न थे । इस प्रतियोगिता में कुल 145 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।






7.0 दिनांक 13 सितंबर 2021 को पैन पोसोको स्तर पर सभी कार्मिकों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक **व्याख्यान** का आयोजन किया गया था । श्री के.पी शर्मा, उपनिदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा इस सत्र को लिया गया, जिसमें उन्होने राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक स्थिति, हिन्दी पखवाड़ा का महत्व जैसे विषयों पर चर्चा की और सभी को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।





8.0 दिनांक 14-09-2021 को हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी कार्मिकों ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से **राजभाषा प्रतिज्ञा** ली । सभी प्रतियोगिताओं के फलस्वरूप निदेशक(मानव संसाधन) की

अध्यक्षता में **समापन समारोह** का आयोजन किया गया, जिसमें मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्री निशदीप सिंह और अन्य कार्मिकगण उपस्थित थे। इस समारोह में पखवाड़ा के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों पर चर्चा की गयी साथ ही प्रतियोगिताओं में विजयी कार्मिकों के नाम भी घोषित किए गए और अंततः निदेशक (मानव संसाधन) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
**(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)**


---

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे। हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--



हिंदी पखवाड़ा में तरह तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन के पीछे एक ही उद्देश्य था कि कार्यालय के सभी कार्मिकगण को हिंदी में कार्य करने हेतु आकर्षित किया जा सके, पखवाड़ा के दौरान कार्यालय में 2.3% हिन्दी कार्य में वृद्धि भी हुई। हिन्दी में कार्य करने की पहल जो सभी कार्मिकों द्वारा ली गयी थी, पखवाड़ा के दौरान उसका सकारात्मक रूप उभर कर आया और अंततः हम यह कह सकते हैं कार्यालय में पखवाड़ा का आयोजन सफल रहा।

5-10-21

**(मो॰ इसलाम खान)**
**राजभाषा अधिकारी**